Empanelment of Tailoring Firms for Stitching of Summer/ Winter Uniforms of Class IV Employees, Patna

Reserve Bank of India, Patna invites sealed Quotations for empanelment of Tailoring Firms for stitching of summer/ winter uniforms for its employees from reputed and experience tailoring firms. Application forms can be obtained from Human Resource Management Department, Reserve Bank of India, Patna- 800001 on any working day (Monday to Friday) between 09:45 A.M. to 05:45 P.M. from January 06, 2021 to February 05, 2021 OR may be downloaded from our website www.rbi.org.in – tenders where complete details regarding eligibility, terms and conditions etc. are available. Complete applications should be submitted at the aforementioned address on or before February 05, 2021 till 05:45 P.M.

Regional Director
Bihar

सेवा में

क्षेत्रीय निदेशक

भारतीय रिज़र्व बैंक

पटना -800001

महोदय

कर्मचारियों की वर्दी की सिलाई हेतु टेलरिंग संस्थानों /वर्दी संबंधी वस्तुओं के आपूर्तिकर्ता का सूचीकरण

1. मै / हमने उक्त विषय पर सूचना और आवेदन प्रपत्र (Application Proforma) पर संलग्न नियम व शर्तें /Terms & Conditions (भाग-III) को पढ़ और समझ लिया है । मै /हम समझते हैं कि यदि किसी परवर्ती (later) तारीख में हमारी द्वारा प्रदत्त सूचना गलत पाई जाती है, तो मेरे /हमारे और भारतीय रिज़र्व बैंक, पटना के बीच होने वाले किसी भविष्य के अनुबंध को मेरे /हमारे द्वारा दी गई जांकारी के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अमान्य माना जाएगा ।
2. मैं /हम सहमत हैं कि टेलरिंग फर्म के चयन में भारतीय रिज़र्व बैंक का निर्णय अंतिम होगा मुझ /हम पर बाध्य होगा ।
3. भाग -I (आवेदन प्रपत्र /Application Proforma) भाग -II (कार्य का अनुभव /Work Experience) में प्रस्तुत सम्पूर्ण जानकारी मेरे /हमारे ज्ञान और विश्वास के साथ सही है ।
4. मै /हम यह भी मानते हैं कि यदि मेरे /हमारे द्वारा सूचीबद्ध कार्यों के विषय में अथवा मेरे /हमारे द्वारा प्रदत्त जानकारी के विषय में कोई जांच की जाती है तो इसमे मुझे कोई आपत्ति नही है ।

दर्जी / सिलाई फर्म के हस्ताक्षर

दर्जी / सिलाई फर्म की मुहर

दर्जी / टेलरिंग फर्म का नाम और पता

<u>आवेदन प्रपत्र / Application Proforma</u>

टेलरिंग फर्म /वर्दी संबंधी वस्तुओं के आपूर्तिकर्ता का नाम	
फर्म का स्वरूप (Proprietorship/ Partnership)	
यदि Partnership फर्म है तो पार्टनर का नाम व पता	
टेलरिंग फर्म का पूरा पता	
फोन नंबर / मोबाइल नंबर	
टेलरिंग कार्य का अनुभव	वर्ष
GSTN Number	
PAN Number	
यदि किसी मुकदमे में या नागरिक वाद (civil suit) शामिल हो तो इंगित करें	

मैं / हम घोषणा करतें हैं कि उपर्युक्त विवरण मेरे / हमारे जानकारी के अनुसार पूर्ण एवं सही है ।

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर व मोहर

भाग -II

कार्य का अनुभव (Work Experience)

पिछले 05 वर्षों के दौरान सिलाई फर्म द्वारा निष्पादित की गई सिलाई संबंधी कार्य की सूची :

क्रम सं	कार्य का नाम	Owner का नाम व पता सरकारी /अर्ध सरकारी /निजी	राशि (रु)	टिप्पणी
1	2	3	4	5
1				
2				
3				
4				
5				

कार्यादेश (Work Order) की प्रति संलग्न करें ।

हस्ताक्षर

नाम :

बैंक का विवरण

क्रम संख्या	बैंक का नाम एवं शाखा का पता	IFSC कोड	खाता संख्या एवं प्रकार
1			
2			

हस्ताक्षर

दिनांक

नियम व शर्तें (Terms and Conditions)

वर्दी की सिलाई एवं संबन्धित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए फ़र्मों का सूचीकरण

1. विधिवत रूप से पूर्ण भरा हुआ आवेदन क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, गांधी मैदान, पटना -800001 केपी संबोधित करते हुए दिनांक 05 फरवरी 2021 को अपराहन 5.45 बजे तक मोहरबंद लिफाफे में “कोटेशन्स -वर्दी की सिलाई के लिए सिलाई फ़र्मों का सूचीकरण” शब्दों के साथ लिखा हुआ इस कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए ।
2. फर्म पटना शहर में स्थित होनी चाहिए ।
3. आपको वर्दियों के पात्र बैंक कर्मचारियों की वर्दियों की नाप, ट्रायल, दोष निवारण आदि के लिए स्वयं अपने खर्च पर बैंक परिसर, बहादुरपुर स्टाफ क्वार्टर, राजेन्द्र नगर स्टाफ क्वार्टर तथा दीघा स्टाफ क्वार्टर अथवा जहां पर भी संबन्धित कर्मचारी कार्यरत हों, आना -जाना पड़ेगा तथा इस कार्य के लिए आपको किसी अतिरिक्त व्यय का भुगतान बैंक द्वारा नही किया जाएगा ।
4. संबन्धित कर्मचारी का ट्रायल लेने के उपरांत ही उनसे संबन्धित वर्दी के सेट की सिलाई का अंतिम रूप देना होगा। वर्दी की सिलाई का अंतिम रूप दे देने के बाद भी यदि उसमे कोई खराबी पाई जाती है तो उसे बिना किसी अतिरिक्त व्यय के दूर करना होगा ।
5. वर्दी सिलाई कार्य हेतु कपड़े की आपूर्ति बैंक द्वारा की जाएगी तथा सिलाई कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री आपको स्वयं लगानी होगी । वर्दी की सप्लाई बैंक द्वारा निर्धारित प्रतिरूप के आधार पर ही करनी होगी ।
6. कर्मचारियों की नाप के आधार पर की गई कपड़ों की सिलाई तथा उनकी फिटिंग अच्छे किस्म की होगी । कोई खराबी पाए जाने पर बिना किसी अतिरिक्त मूल्य के वर्दी पुन: सिलना अथवा बदलना होगा । यदि कटाई या सिलाई के दौरान कपड़ा खराब होता है तो उसकी भरपाई करनी होगी ।
7. सिलाई में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता कोटेशन के साथ संलग्न किए गए नमूने के अनुरूप होनी चाहिए । उसमे किसी भी प्रकार कोई अंतर स्वीकार्य नही होगा ।
   - अन्यथा कथन के सिवाय सभी पतलूनों में “हिप पाकेट्स” लगानी होगी ।
   - कोटों में दो इनर पाकेट्स लगानी होगी ।
   - कोट की जेब पर लाल धागे से R.B.I लिखा होगा ।
   - पतलूनों और कोटों के अस्तर पर अमिट स्याही से वर्ष व पहनने वाले के नाम के आद्याक्षर स्पष्ट रूप से अंकित होने चाहिए ।

8. आर्डर दिए जाने की स्थिति में उसे जल्द से जल्द हर हालत में 30 दिनों के अंदर पूरा करना होगा । प्रत्येक व्यक्ति की वर्दी का पूरा सेट एक साथ ही देना होगा । अपूर्ण सेट स्वीकार नही किए जाएंगे ।
9. स्वीकृत दरें आर्डर की सम्पूर्ण पूर्ति पर लागू होंगी, भले ही किसी कर्मचारी के लंबे अवकाश पर जाने के कारण आर्डर पूर्ति के लिए रुकना पड़े ।

10. पूर्वगामी के अनुसार आर्डर की पूर्ति न किए जाने की स्थिति में दिए गए आर्डर को निरस्त करने तथा बिल का भुगतान रोकने /दावे की राशि को घटाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है । उपर्युक्त समयावधि के पश्चात अथवा विलंब से मिली वर्दियों की सिलाई राशि से 25% कटौती कर ली जाएगी ।
11. आपके द्वारा ई.एम.डी (Earnest Money Deposit) की राशि रु.4000/-(चार हजार मात्र) NEFT के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक, पटना के नाम पर जमा करनी होगी । (IFSC Code: RBIS0PTPA01 खाता संख्या -186003001)
12. जिन शर्तों के अधीन आपको यह आर्डर दिया जाएगा यदि उसके अनुपालन न करने से अथवा तोड़ने से बैंक को कोई हानि / क्षति होती है तो वह जमानत राशि से समायोजित कर ली जाएगी तथा इस मामले पर बैंक का निर्णय अंतिम होगा एवं आप पर लागू माना जाएगा ।
13. सिलाई करने से पूर्व काटन के कपड़े आवश्यकतानुसार भलीभाँति पानी में भिगोए जाने चाहिए ताकि सिलाई के बाद वस्त्रों के सिकुड़ने की संभावना न रहे ।
14. सुरक्षा गार्ड की सर्दी की वर्दी की आपूर्ति मांगी गई गुणवत्ता के अनुसार होनी चाहिए ।
15. आवेदन पत्र के साथ अपने कार्य के अनुभव प्रमाण, बैंकर का नाम,पता, खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि का विवरण कोटेशन के साथ अवश्य संलग्न करें अन्यथा आवेदन पत्र पर विचार करना संभव नही होगा ।
16. आपको कोटेशन के साथ आयकर विभाग का अपना स्थाई खाता संख्या (PAN) का उल्लेख करना होगा ।
17. किसी भी प्रकार के विवाद में बैंक का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा तथा उसका अनुपालन करना होगा ।